an>

Title: Regarding 125th birth anniversary of Dr. B.R. Ambedkar.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : अध्यक्ष महोदय, 14 अप्रैल को हम बाबा साहेब डाक्टर अम्बेडकर की जयन्ती मनाने जा रहे हैं। इसलिए इस अवसर पर मैं सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं भारत सरकार का अभिनन्दन करना चाहता हूं। इसका कारण यह है कि मुंबई शहर में इन्दू मिल की जो 12 एकड़ जमीन है, जिसके लिए हमारे दलित समाज के बाबा साहेब डाक्टर अम्बेडकर को मानने वाले लोग प्रयास कर रहे थे, पिछली सरकारों से मांग कर रहे थे, लोग यहां आते थे, लेकिन उनको कोई पूछने वाला नहीं था।

पहली बार भारत सरकार के एक मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी जी ने मुम्बई में जाकर इस जमीन का पूरा हैंडिंग ओवर का काम पूरा किया है, इसलिए मैं उनका अभिनंदन करना चाहता हूं। अलीपुर रोड, दिल्ली, जहां डॉ. बाबा अम्बेडकर साहब जी रहते थे, एक बार उसको री-मॉडलिंग करके, फिर एक बार बहुत बड़ा दर्जा प्राप्त करने का काम भी भारत सरकार ने किया है। महाराष्ट्र सरकार ने लंदन में जहां, डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी रहते थे, उस पूरी इमारत को खरीदकर, वहां पर भी एक स्मारक बनाने का निश्चय किया है। मऊ, जहां उनका जन्मस्थान था, माननीय अध्यक्ष जी, आप जानती हैं, हमारे देश के माननीय प्रधान मंत्री पिछले जन्मदिन के अवसर पर वहां गये थे और वहां पर भी राष्ट्रीय स्मारक बनाने का उन्होंने काम किया है। दीक्षा भूमि नागपुर, जहां देश के प्रधान मंत्री विजिट करके आए हैं, वहां भी राष्ट्रीय स्मारक बनने वाला है। 125वीं जयन्ती के अवसर पर संसद में दो दिन संविधान पर चर्चा करके, पूरे भारत में नहीं तो पूरी दुनिया में डॉ. बाबा अम्बेडकर जी के विचारों को पहुंचाने का काम किया गया है।

कैशलैस इंडिया, डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी का उन दिनों का विचार था कि भ्रष्टाचार को किस तरह से समाप्त किया जा सकता है, उसको ई-मैप में कंवर्ट करके मोदी जी ने और भारत सरकार ने एक बहुत बड़ा काम किया है। डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी के नाम का कॉइन निकालकर इत्यादि ऐसे अनगिनत काम ये दो तीन साल में महाराष्ट्र और भारत सरकार ने किये हैं, इसलिए मैं पूरे देशवासियों की ओर से मोदी जी का और भारत सरकार का अभिनंदन करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री विष्णु दयाल राम और श्री शरद त्रिपाठी को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।